Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शकुन्तला स्वेटर बुनाई

लेखक

आर. एल. वर्मा

पाणिनि-प्रज्ञा-अनुसन्धान
तिथी.....
पु०सं०.....
भारती पुस्तकालय



शकुन्तला
कला निकेतन

स्कूल ऑफ टेलरिंग

२५८८, सब्जी मण्डी, रोबिन टाकीज के सामने, दिल्ली-६

दूसरी बार] [मूल्य २·२५ नये पैसे

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

प्रकाशक
शकुन्तला कला निकेतन
२५८८, सब्जी मण्डी, दिल्ली-६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

मुद्रक
सुरेन्द्र प्रिंटर्स प्राइवेट लि०,
डिप्टी गंज, दिल्ली।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



दैनिक 'हिन्दुस्तान', नई दिल्ली के कुछ विचार

प्रिय महोदय,

आपके निम्न प्रकाशन की समीक्षा हिन्दुस्तान रविवासरीय दिनांक २९-१-५८ में प्रकाशित हुई है, इसकी कतरन यहां संलग्न है।

शकुन्तला स्वेटर बुनाई

लेखक—श्री आर. एल. वर्मा। प्रकाशक—शकुन्तला कला निकेतन, २५८८, सब्जीमण्डी, दिल्ली ६। आकार क्राउन अठपेजी; पृष्ठसंख्या—६४; मूल्य रु० २.२५।

हिन्दी में बुनाई की अच्छी और उपयोगी पुस्तकों का प्राय: अभाव-सा है। 'शकुन्तला स्वेटर बुनाई' इस ओर एक सराहनीय कदम है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने बुनाई के कुछ विशेष नमूनों को चित्र के साथ समझाया है: जैसे मछली कांटे की बुनाई, मोरपंख बुनाई, मौक बुनाई, लैटिस बुनाई आदि। इसमें स्त्री, पुरुष व बच्चों के स्वेटर व मौजे तथा दस्ताने बुनने की विधि दी गई है। लेखक ने बुनाई की कला को बड़े सरल शब्दों में समझाने का प्रयत्न किया है। उनका मानना है कि बुनाई केवल सीधे, उलटे और बिना बुने फन्दों के सरकाने पर आधारित है। इस पुस्तक में जिन संकेतों का प्रयोग किया गया है उन्हें समझाने के लिए अलग से एक अध्याय भी दिया है। आशा है हमारी बहनें इस पुस्तक से लाभ उठाएंगी। नौसिखियों के लिए यह पुस्तक विशेष उपयोगी है, क्योंकि इसमें प्रारम्भिक बुनाई की विधि चित्रों सहित भली भांति समझाई गई है। उनके लिए इस पुस्तक का मूल्य कुछ अधिक है। पर छपाई और सफाई सन्तोषजनक है।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूमिका

बुनाई-कला विविध कलाओं की भांति प्राचीन कलाओं में से एक है। स्त्री-पुरुष दोनों ही इस कला में निपुण होते थे। भारतवर्ष में मौर्यकाल तथा गुप्तकाल में यह एक उच्च-शिखर का व्यवसाय था। भांति-भांति के लेस, फीते, पट्टे आदि रेशमी तथा ऊनी धागों से बुने हुए योरोपीय देशों में बिकते थे। यूनानियों द्वारा अरब तथा वहां से योरोप आदि देशों में इसका प्रचार हुआ। किन्तु समय के परिवर्तन के साथ भारतवर्ष में यह लुप्त-सा हो गया, यद्यपि काश्मीर तथा अन्य पहाड़ी भागों में किसी न किसी रूप में जीवित रहा। आजकल इस कला में प्रवीणता प्राप्त करने के लिये ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का मुंह तकना पड़ता है। हिन्दी भाषा में कोई प्रामाणिक पुस्तक नहीं। नमूने आदि सभी योरोप से आते हैं। आधुनिककाल में इसका प्रचार बहुत बढ़ता जा रहा है। यो तो अभी तक यह कला केवल नारी कला है और धनवान परिवारों की स्त्रियों तथा लड़कियों के लिये खाली समय बिताने का केवल एक साधन-मात्र है। किन्तु यदि मध्यम वर्ग तथा मजदूर वर्ग की स्त्रियों को इसमें निपुण किया जाय तो यह उनकी आय के लिये एक अच्छा साधन हो सकता है। यह वह कला है जिसमें पूंजी की न्यूनतम आवश्यकता है। केवल आठ आने की दो सलाइयां लेकर उससे भांति-भांति की ऊनी पोशाक अपने परिवार के लिये बनाई जा सकती हैं एवं बनाकर बाजार में भी बेची जा सकती हैं। गान्धी-आश्रम में भांति-भांति के स्वेटर, शाल की बड़ी मांग है। यह वह कला है जिसके लिये किसी फैक्ट्री की आवश्यकता नहीं। चलते-फिरते हर

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाणिनि-प्रज्ञा-अनुसन्धान केन्द्र
तिथी
पु०सं०
भारती पुस्तकालय

स्थान में यह कार्य किया जा सकता है। मैंने स्वयं देखा है कि स्कूल की लड़कियां जिनके पास समय की न्यूनता होती है, आते-जाते बस में, गाड़ियों में अपनी वस्तुयें बुनती रहती हैं। फिर भी इस आसान कला से लोग लाभ बहुत कम उठा रहे हैं। इसका एकमात्र कारण केवल एक ही है और वह यह कि इस कला के सीखने का साधन बहुत ही संकीर्ण है। अभी तक इस विषय पर हिंदी में कोई अच्छी पुस्तक नहीं है। स्कूल में भी कोर्स के रूप में इसे नहीं सिखाया जाता। लड़कियों के गृह-विज्ञान में सिलाई, कटाई तथा अन्य गृह-उपयोगी विषय अवश्य हैं किन्तु उनमें बुनाई का स्थान नहीं है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए मैंने इस पुस्तक को लिखा है।

बुनाई कला अति सरल कला है। यह केवल इन आधारिक नियमों पर निर्भर है—सीधा फन्दा, उल्टा फन्दा और बिना बुने फंदों का सरकाना। इन्हीं तीनों के मेल में सारी बुनाई के नमूने बनते हैं। नमूनों के नाम भिन्न-भिन्न देशों में भिन्न-भिन्न हैं। इस पुस्तक में भीविशेष नमूनों का वर्णन है। जैसे मोजे की बुनाई, नसदार बुनाई, मछली कांटें की बुनाई आदि। बुनाई करने वालों का यह सर्वप्रथम कर्तव्य है कि उनको इन बुनाइयों का ज्ञान अच्छा हो। इससे जहां इन बुनाइयों का संदर्भ दिया गया है, उसे आप आसानी से समझ जायेंगे, इसके अतिरिक्त इस पुस्तक में संकेतों का भी प्रयोग अधिक है। इन संकेतों के लिये एक विशेष अध्याय है।

पाठकगण से अनुरोध है कि वह इन संकेतों को भली प्रकार समझलें और जहां इनका संदर्भ हो वहां ठीक-ठीक प्रयोग करें।

—आर० एल० वर्मा

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय-सूची

सं०	विषय		पृष्ठ
१.	बुनाई के उपकरण तथा उनका प्रयोग	..	७
२.	बुनाई के नियम	..	९
३.	सलाई पर फंदे चढ़ाना	..	१०
४.	बुनाई का प्रारम्भ	..	१२
५.	बुनाइयों के नमूने (डिजाइन)	..	१६
६.	ब्रैम्बुल बुनाई	..	२३
७.	तिकोण मन्दिर बुनाई	..	२३
८.	मछली कांटे की बुनाई	...	२५
९.	मोरपंख बुनाई	..	२६
१०.	मौक बुनाई	..	२६
११.	लैटिस बुनाई	..	२७
१२.	लहरिया बुनाई	..	२८
१३.	केने मरदाना स्वेटर (Gents Sweater)	..	३०
१४.	पुरुषों का स्वेटर नं० २	..	३७
१५.	बोलेरा	..	३८
१६.	बच्चों के लिये निमी जम्पर	..	४१
१७.	टानिया जम्पर	..	४४
१८.	चुनकी जैकेट (Chunky)	..	४७
१९.	मैटनी कोट—बच्चों के लिये	..	५२
२०.	बच्चों के फैंसी फ्रॉक	..	६६
२१.	बच्चों के फैंसी बूट और दस्ताने	..	५८
२२.	बच्चों के दस्ताने	..	६०
२३.	ऊनी वस्त्र धोने के नियम	..	६२

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

510

अध्याय १

बुनाई के उपकरण तथा उनका प्रयोग

सलाई—बुनाई के लिए सबसे उपयोगी औजार सलाई है। यह भिन्न-भिन्न चीजों की बनी होती है। प्राचीन काल में हड्डी, लकड़ी की बनी सलाइयाँ प्रयोग में लाई जाती थीं, किन्तु आधुनिक काल में प्लास्टिक तथा स्टील (लोहे) की सलाइयाँ अधिक प्रचलित हैं। प्लास्टिक की सलाइयाँ रंग-बिरंगी तथा देखने में सुन्दर होती हैं। सलाइयाँ मोटाई में भिन्न-भिन्न होती हैं। सबसे पतली सलाई तार के समान होती है। मोटी से मोटी भी सलाई होती है। इनको भिन्न-भिन्न नम्बरों में विभाजित किया गया है। अंग्रेजी नम्बर ०० से २४ तक है। ०० बहुत मोटी होती है, २४ बहुत पतली होती है। अधिक प्रयोग में ६ से ११ नम्बर की सलाइयां आती हैं। खरीदते समय सलाइयों का नम्बर अवश्य देखना चाहिए। साधारण काम के लिए सीधी एक नोक वाली सलाई का प्रयोग होता है। गोल वस्तुओं की बुनाई के लिए गोल घुमावदार सलाइयों का प्रयोग होता है। मोजे, दस्ताने आदि के लिए दोनों तरफ नोक वाली सलाई का प्रयोग होता है। यह ४ या ५ के सेट में होते हैं।

आजकल नये नमूने के स्वेटरों की बुनाई के लिए क्रोशिया टाइप की सलाई का अधिक प्रयोग बढ़ रहा है। क्रोशिया के काम का वर्णन इस पुस्तक के दूसरे भाग में दिया गया है।

सलाई खरीदते समय इस बात का विशेष ध्यान रहना चाहिए कि उसकी नोक घिसी न हो तथा वह बिलकुल सीधी हो। ऐसा न होने से बुनाई ठीक नहीं आती।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अंगुश्त (अंगूठी)—आसानी के लिए ताकि उंगली दुखे नहीं और बुनाई तेजी से हो, बहुत से बुनने वाले अंगुश्त (अंगूठी) का भी प्रयोग करते हैं। इसके सहारे स्काटलैंड वाले १ मिनट में २०० फंदे तक लगा लेते हैं।

सेफटी पिन—निशान लगाने के लिए सेफटी पिन का प्रयोग करते हैं। दिन भर बुनाई के पश्चात यदि अधूरा काम छूटता है तो उसकी संभाल के लिए ताकि फंदे उभरने न पावें, सेफटी पिन लगा देना चाहिए। सेफटी पिन में मोटे कागज के टुकड़ों पर से पट्टी फंदों का नम्बर भी लिखकर लगा देना चाहिए जिससे दूसरे दिन याद रहे कि कितना फंदा बुन गया है और अब कितना फंदा और बुनना है।

ऊन—यों तो बुनाई के लिए भिन्न-भिन्न धागों का प्रयोग होता है, जैसे सूत, रेशम; किन्तु ऊन का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। यह सभी जानते हैं कि ऊन भेड़ के बाल होते हैं जो साफ करके धागों में काते जाते हैं। फिर कई धागे एक साथ लपेट दिये जाते हैं, तब इन से बुनाई की जाती है। प्राचीन काल में बुनने वाले सारा काम अपने घर में करते थे किन्तु आधुनिक काल में जब कि हर प्रकार की उन्नति है, यह ऊन भी मिलों से तैयार होकर आती है, जिसको सलाई पर चढ़ा कर बुनना प्रारम्भ किया जा सकता है। २ धागे के लिपटे ऊन को २ प्लाई का ऊन कहा जाता है। इसी प्रकार ३ धागे का ऊन ३ प्लाई का ऊन कहलाता है। प्लाई शब्द का प्रयोग इस किताब में किया गया है इससे इसका अर्थ समझना अति आवश्यक है। ऊन में धागे होते हैं, उन धागों की मोटाई प्लाई के हिसाब से देखी जाती है। इसे ही प्लाई कहते हैं।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अध्याय २

बुनाई के नियम

सलाई पर फंदे चढ़ाना—ऊन का एक सिरा अपने हाथ में इस प्रकार पकड़ो जैसा चित्र (बाईं ओर) में दिखाया गया है। अर्थात् ऊन को तर्जनी उंगली पर रखो। एक सिरा तर्जनी उंगली तथा अंगूठे के बीच से निकले। दूसरा सिरा बाकी तीन उंगलियों के ऊपर से आवे। फिर अंगूठे की ओर वाले सिरे को घुमाकर दोनों सिरों को नीचे रखते हुए फन्दा बांधो। यह सरकने वाला फंदा होगा जैसे टाई गांठ होती है फिर उस फंदे में एक सलाई का सिरा डाल दो।





एक सलाई से फंदा चढ़ाना—फंदे को सलाई पर चढ़ाने के बाद सलाई को दाहिने हाथ के अंगूठे और पहली उंगली से पकड़ो। गांठ

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सलाई पर फंदे चढ़ाना



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से जाते हुए तागे को पहली उंगली के ऊपर और बीच की उंगली के नीचे तथा बाकी सब उंगलियों के ऊपर से ढीला रख कर गोले को दाहिनी ओर छोड़ दो। तागे का लम्बा सिरा जो सरकने वाली गांठ चढ़ाते समय छोड़ा गया था बाएं हाथ के अंगूठे के ऊपर बाईं ओर से दाहिनी ओर होता हुआ और अंगूठे के नीचे दाहिनी से बाईं ओर को होता हुआ अंगूठे के चारों ओर एक घुण्डी-सी बनाता हुआ बाकी हाथ के अन्दर और सबसे छोटी अंगुली के नीचे होता हुआ जाना चाहिए। अब सलाई की नोक की ओर से इस घुण्डी की दोनों तारों के नीचे लेजाकर ऊपर से लाते हुए दोनों तारों के बीच से निकालो। दाहिने हाथ का तागा पीछे से सलाई और अंगूठे के बीच में लाकर सलाई की नोक पर डाल दो। फिर इस तागे सहित सलाई की नोक को, जो घुण्डी-सी बन गयी है, उसमें से आगे को (अपनी ओर को) निकाल लो। इधर बायां अंगूठा घुण्डी में से निकाल कर तागा खींच लो। इससे सलाई पर एक फंदा बन जायगा।

बुनाई का प्रारम्भ



CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुनाई का प्रारम्भ

सीधी बुनाई—दांये हाथ की सलाई को बांये हाथ में पकड़कर—धागा सलाई के पीछे हो—दाहिने हाथ की सलाई को पहले फंदे के बीच से पीछे से डालो। दाहिने हाथ की सलाई की नोक पर धागा लपेटो और बहुत धीरे से दाहिने हाथ की सलाई की नोक को निकालो, इस प्रकार कि एक फंदा बन जाय। दाहिने हाथ वाली सलाई पर के फंदे के साथ घर को बाँये हाथ वाली सलाई से सरकाओ। इस तरह पहला फंदा पूरा हो जाता है। बुनाई की पहली पंक्ति यहाँ से आरम्भ हो जाती है।*पहले दाहिने हाथ की सलाई को दूसरे फंदे में नीचे से डालो। इसकी नोक को बांये हाथ वाली सलाई से खींच लो। इसी को बार-बार दोहराओ; इस सलाई को बांये हाथ में रखो, दूसरी सलाई खाली दाहिने हाथ में। इसी प्रकार दूसरी भी पंक्ति बुन जाओ। इस प्रकार की बुनाई को गारटर बुनाई या सीधी बुनाई कहते हैं। यह दोनों ओर से एक जैसी मालूम पड़ती है।







CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri





उलटी बुनाई—धागे को सलाई के सामने करो। दाहिनी सलाई को पहले फन्दे के सामने में डालो। पीछे की ओर से धागे को दाहिनी सलाई की नोक पर लपेटो। धीरे से नोक और धागे को बांई सलाई पर से नीचे की ओर खींचो, यहां तक कि धागा और सलाई की नोक पहले फन्दे से निकल आवे। दाहिने हाथ वाली सलाई के इस फन्दे को बांयें हाथ वाली सलाई पर सरकाओ। फिर दाहिने हाथ वाली खाली सलाई की नोक को दूसरे फन्दे में डालो, धागे को नोक पर लपेटो तथा दाहिने हाथ वाली सलाई से खींचो ताकि सलाई की नोक निकल अवे।* चिह्न से दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नसदार बुनाई—इसकी आवश्यकता उस स्थान पर होती है जहाँ घटाव-बढ़ाव अधिक चाहिए। जैसे मोजे का सिरा, गले की पट्टी, आस्तीन की पट्टी आदि।



इसके लिए आवश्यक यह है कि जितनी सीधी बुनाई करो उतनी उलटी बुनाई करो--जैसे २ सीधी बुनाई, २ उलटी बुनाई। इसको रिबिंग (Ribbing) भी कहते हैं।



फन्दों का बढ़ाना—एक फन्दा सीधा बुनो, फिर उसी फन्दे में सलाई के पीछे की ओर के धागे में एक और फन्दा बुनो और पहले वाले फन्दे को उतारो, इस प्रकार दोहराओ और फन्दा बढ़ाओ।



उलटी बुनाई में फन्दा बढ़ाना—पहले फन्दे को उलटा बुनो। इस फन्दे को सलाई पर छोड़ दो। उसी फन्दे को पीछे की ओर फिर उलटा बुनो। फिर इस फन्दे को दूसरी सलाई पर सरका दो। इस तरह एक फन्दा बढ़ गया।

फन्दे घटाना—(१) २ फन्दे को इकट्ठा बुनो।

(२) १ फन्दा बुनो, १ फंदा बिना बुने सरकाओ।

सरकाना—दाहिने हाथ की सलाई को बांये हाथ की सलाई के फन्दे

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में दांयी से बांयी तरफ डालो और फन्दे को बिना बुने दाहिने हाथ की सलाई पर सरका दो।

एक फन्दे को दूसरे फन्दे के ऊपर से सरकाओ—एक फन्दा सरकाओ और दूसरे फन्दे को बुनो। फिर पहले सरकाये हुए फन्दे को दूसरे बुने हुए फन्दे के ऊपर से ले जाओ।

धागे को सलाई के आगे-पीछे लाना—दाहिने हाथ की सलाई पर एक फन्दा अधिक बुना जाता है और अगले को उलटा बुनते हैं।

फन्दा बुटना—जब वस्तु की बुनाई पूर्ण हो जाय तो उसके उतारने के दो ढंग हैं। बुटते समय सदैव सीधी बुनाई को सीधी बुनो, उल्टी बुनाई को उल्टा बुनो और कुछ ढीला बुनो।





१. २ फन्दे सीधे बुनो। पहले में बांये हाथ की सलाई डालो, दांये हाथ की सलाई निकालो। दूसरे फन्दे को बांये हाथ की सलाई पर बुनो अन्त तक ताकि फन्दा पहले फन्दे से निकल आये। बांयें हाथ की सलाई से फन्दा उतार लो और दांये हाथ की सलाई पर चढ़ा दो। अन्त तक दोहराओ, जब एक फन्दा रह जाय तो धागा तोड़ दो और बाकी फन्दों से निकाल लो।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डिजाइन तथा पैटर्न की बुनाई में संकेतों का प्रयोग किया जाता है। मुख्य संकेत निम्नलिखित हैं। इनको ध्यान से समझना तथा उनके अनुसार कार्य करना चाहिये।

K.	सी०	सीधी बुनाई करो	Knit
P.	उ०	उल्टा फन्दा	Purl
Tog.	इ०	इकट्ठा	Together
Inc.	बढ़०	बढ़ाओ	Increase
Dec.	घट०	घटाओ	Decrease
Sl.	स०	सरकाओ	Slip
Rib	नस०	नसदार बुनाई	Ribbing

* चिह्न से दोहराओ

— एक चिह्न से दूसरे चिह्न तक दोहराओ।

( ) कोष्ठ के भीतर सब को दोहराओ।

ब० बनाओ या बढ़ाओ अर्थात् सलाई के आगे धागा लाकर ऊपर ले जाते हुए एक नया फन्दा बनाओ।

स० फन्दे को बिना बुने हुए दाहिनी सलाई पर सरकाओ।

स० फ० इस पर डालो। सरकाया हुआ फन्दा इस पर डालो। अर्थात् जो फन्दा बिना बुने दाहिनी सलाई पर सरकाया था उसमें बांयी सलाई की नोंक डालकर उसके बाद में सीधे बुने हुए फन्दे के ऊपर से उसे ऊपर दो।

बुनाइयों के नमूने [डिजाइन]

सीधी बुनाई—यह बुनाई दोनों ओर से सीधी मालूम पड़ती है। एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधी बुनाई करो। इसी प्रकार दूसरी और तीसरी पंक्ति की बुनाई करती जाओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डिजाइन तथा पैटर्न की बुनाई में संकेतों का प्रयोग किया जाता है। मुख्य संकेत निम्नलिखित हैं। इनको ध्यान से समझना तथा इनके अनुसार कार्य करना चाहिये।

K.	सी०	सीधी बुनाई करो	Knit
P.	उ०	उल्टा फन्दा	Purl
Tog.	इ०	इकट्ठा	Together
Inc.	बढ़०	बढ़ाओ	Increase
Dec.	घट०	घटाओ	Decrease
Sl.	स०	सरकाओ	Slip
Rib	नस०	नसदार बनाई	Ribbing

* चिह्न से दोहराओ

— एक चिह्न से दूसरे चिह्न तक दोहराओ

( ) कोष्ठ के भीतर सब को दोहराओ।

ब० बनाओ या बढ़ाओ अर्थात् सलाई के आगे धागा लाकर ऊपर ले जाते हुए एक नया फन्दा बनाओ।

स० फन्दे को बिना बुने हुए दाहिनी सलाई पर सरकाओ।

स० फ० इस पर डालो। सरकाया हुआ फन्दा इस पर डालो। अर्थात् जो फन्दा बिना बुने दाहिनी सलाई पर सरकाया था उसमें बांयी सलाई की नोंक डालकर उसके बाद में सीधे बुन हुए फन्दे के ऊपर से उसे ऊपर दो।

बुनाइयों के प्रकार [डिज़ाइन]

सीधी बुनाई—यह बुनाई दोनों ओर से सीधी मालूम पड़ती है। एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधी बुनाई करो। इसी प्रकार दूसरी और तीसरी पंक्ति की बुनाई करती जाओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोजे की बुनाई—यह बुनाई एक ओर से उलटी दूसरी ओर से सीधी होती है।



पहली पंक्ति— सी०

दूसरी पंक्ति— उ०

इसी प्रकार एक पंक्ति सीधी बुनाई, दूसरी पंक्ति उल्टी बुनाई करती जाओ।



उल्टी मोजे की बुनाई—पहली पंक्ति—दाहिनी ओर से सीधी बुनाई करो। फिर बांयी ओर से उसी पंक्ति की उल्टी बुनाई करो।

दूसरी पंक्ति : सीधी बुनाई करो। फिर पहली और दूसरी पंक्ति को दोहराती जाओ।



दाने की बुनाई (Moss)—इस के लिये गिन्ती में फन्दे ताक होना चाहियें जैसे ४१—इसमें बुनाई दोनों ओर से एक समान मालूम होनी चाहिये।

पहली पंक्ति : सीधी बुनाई करो। फिर दूसरे सिरे से पहली पंक्ति की उल्टी बुनाई करो। फिर इन्हीं को दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मछली की बुनाई—इतने फन्दे डालो जिसमें ११ से भाग देकर १ बाकी बचे।



पहली पंक्ति—१ सी० * २ उ० ६ सी० २ उ० १ सी०* चिह्न से अन्त तक दोहराओ।

दूसरी पंक्ति—६ सी०* ६ उ० ५ सी० * चिह्न से दोहराओ, जब ९ फन्दे बाकी रह जायें तो ६ उ० ३ सी०।

तीसरी पंक्ति—१ पंक्ति की तरह।

चौथी पंक्ति—२ पंक्ति की तरह।

पांचवीं पंक्ति—१ सी० * २ उ० अगले तीन फन्दे किसी एक खाली सलाई पर बिना बुने उतार लो। इस सलाई को अपने सामने वस्तु के आगे रखो। ३ फन्दे सीधे बुन लो। फिर सामने वाली सलाई को ३ बिना बुने फन्दों की सीधी बुनाई करो। अब २ उ० १ सी० * चिह्न से अन्त तक दोहराओ।

६. पंक्ति—२ पंक्ति की भांति।

अब इन ६ पंक्तियों को आवश्यकतानुसार दोहराओ।

तितली की बुनाई—पहली पंक्ति—सी० २ * धागा सामने करो, ५ फन्दे तक सरकाओ, धागा पीछे करो। सी० ५ * चिह्न से दोहराओ, अन्त में ५ सरकाओ, २ सी०।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



२ पंक्ति--उल्टी बुनाई करो।
३ पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।
४ पंक्ति—उल्टी बुनाई करो।
५ पंक्ति—पंक्ति १ दोहराओ।
६ पंक्ति—उ०।
७ पंक्ति—दोहराओ पंक्ति १।
८ पंक्ति—उ०।
९ पंक्ति—दोहराओ पंक्ति १।

१०. पंक्ति—(उल्टी ओर) उ० ४, * अगले फन्दे पर दाहिने हाथ की सलाई अन्दर करो, ५ ढीले धागे से होकर और सलाई को ऊपर लाओ, ५ ढीले धागे को बांयी हाथ की सलाई में पलट दो; इन पांचों धागों की उल्टी बुनाई करो। फिर इनको इकट्ठा करदो। उ० ९,* से दोहराओ, अन्त में उ० ४।

११. पंक्ति—सी० ७ * धागा सामने करो, सरकाओ ५, धागा पीछे करो, सी० ५ * से दोहराओ; अन्त में ५ सरकाओ, सी० ७।

१२. पंक्ति उ०
१३. ,, दोहराओ पंक्ति ११
१४. ,, उ०
१५. ,, दोहराओ पंक्ति ११
१६. ,, उ०
१७. ,, दोहराओ पंक्ति ११
१८. ,, उ०
१९. ,, दोहराओ पंक्ति ११

२०. ,, उ० *, अगले फन्दे पर दाहिने हाथ की सलाई ५ ढीले फन्दों से निकालो और सलाई को ऊपर लाओ। फिर ५ ढीले फन्दों को बायें हाथ की सलाई पर पलट दो। इन ५ ढीले फन्दों की उल्टी

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुनाई करो । फिर अगले फन्दे को इकट्ठा करदो । उ० ९, * से दोहराओ । अन्त में उ० ९ । इन २० पंक्तियों को आवश्यकतानुसार दोहराओ ।

बरफी की बुनाई—इसके लिए ताक संख्या में फन्दे डालो ।



१. पंक्ति—* सी० १, बढ़ाओ सीधा २ इकट्ठा *चिन्ह से दोहराओ, अन्त में सी० १

२. पंक्ति—प्रत्येक फन्दे को उल्टा बुनो ।

बारी-बारी से पहली दूसरी पंक्ति को दोहराओ ।

मधुछत्ता बुनाई—ताक संख्या में फन्दे डालो ।



१. पंक्ति—उल्टी ओर सीधा बुनो अन्त तक ।

२. पंक्ति—* सी० १, सलाई दाहिने से बायें की ओर अगली पंक्ति के दाहिने हाथ के फन्दे के नीचे डालो और सी० और बायें हाथ की सलाई से सरका दो, * से दोहराओ ।

३. पंक्ति—सी० अन्त तक ।

४. पंक्ति—सी० २ * नीचे वाली पंक्ति में अगले फन्दे में सलाई डालो । सी० बु० बायें हाथ की सलाई पर उतार दो और १ सी० बुनो, * से दोहराओ । १ से ४ की पंक्तियों को दोहराओ ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



टूटी जंजीरें—ताक संख्या में फन्दे :—

पहली पंक्ति * सी २, उ० २ * * चिह्न से दोहराओ। अन्त में सी १ या उ० १।

पहली पंक्ति को बार-बार दोहराओ।

मटरदाने की बुनाई—आवश्यकतानुसार फन्दे चढ़ाओ और नीचे लिखे अनुसार बुनो :—

१ पंक्ति—सी० १, उ० १, सी० १, उ० १ अन्त तक।

२ पंक्ति—१ उ०, १ सी०, १ उ०, १ सी० अन्त तक।

आवश्यकतानुसार इनको १, २ पंक्ति को दोहराते जाओ।

टिकियों की बुनाई—इतने फन्दे चढ़ाओ कि ४ से भाग देने पर २ बाकी बचे।

१ पंक्ति—३ सी० * अगले फन्दे में १ सी०, १ उ०, १ सी० इस प्रकार ३ फन्दे बुनो (१ फन्दे में ३ फन्दे बुनो) फिर धागे को वस्तु के अगली ओर करके ३ फन्दे इकट्ठे उल्टे बुनो, फिर धागे को पीछे की तरफ ले जाओ, * चिह्न से दोहराओ। अन्त में सी० ३।

२ पंक्ति—उ० अन्त तक।

३ पंक्ति—सी० ३ * अगले ३ फन्दे इ० उ०, अगले फन्दे में १ सी० १ उ० १ सी० * चिह्न से दोहराओ, अन्त में सी० ३।

४ पंक्ति—उ० अंत तक।

आवश्यकतानुसार इन चारों पंक्तियों को दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रैम्बुल बुनाई (Bramble Stitch)

यह बुनाई ब्लाउज के लिये अति सुन्दर है।



पहली पंक्ति—(उलटी ओर) सी २, * (सी १, उ० १, सी० १) इन ३ फन्दों का १ फन्दा बना, धागे को सामने लाओ, उ० ३ इ० धागे को पीछे ले जाओ * चिह्न से दोहराओ अन्त में सी २।

दूसरी पंक्ति—उ०

तीसरी पंक्ति—सी० २, * उ० ३ इ० (सी० १, उ० १, सी० १) अगले फन्दे में * चिह्न से दोहराओ अन्त तक, अन्त के सी० २।

चौथी पंक्ति—उ०।

इन ४ पंक्तियों का एक नमूना है। आवश्यकतानुसार इन्हीं को दोहराते जाओ।

तिकोण मन्दिर बुनाई



पहली पंक्ति—उ० ४, * ८ फन्दे डालो, उ० ४, * चिह्न से दोहराओ।

दूसरी पंक्ति—* सी० ४, उ० ८, * चिह्न से दोहराओ। अन्त में सी ४।

तीसरी पंक्ति—उ० ४, * सी० ८, उ० ४, चिह्न से दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौथी पंक्ति—* सी ४, उ० ८, * चिह्न से दोहराओ, अंत में सी० ४।

पाँचवीं पंक्ति—उ० ४, *, बिना बुने १ आगे सरकाओ, सी० १, स० फ० इस पर डालो, सी ४, सी २ इ०, उ० ४, * चिह्न से दोहराओ।

छठी पंक्ति—* सी० ४, उ० ६, * से दोहराओ, अंत में सी० ४।

सातवीं पंक्ति—उ० ४, सरकाओ १, सी० १, सं० फ० इस पर डालो। सी० २, सी० २ इ०, उ० ४, * चिह्न से दोहराओ।

८ वीं पंक्ति—* सी० ४, उ०४, * से दोहराओ, अन्त में सी० ४।

९ वीं पंक्ति—उ० ४, * स० १, सी० १, स० फ० इस पर डालो। सी० २ इ०, उ० ४, * चिह्न से दोहराओ।

१०वीं पंक्ति—* सी० ४, उ० २, * चिह्न से दोहराओ, अन्त में सी० ४।

११वीं पंक्ति—उ० ४, * सी० २ इ०, उ० ४, * चिह्न से दोहराओ।

१२वीं पंक्ति—* सी० ४, उ० १ * चिह्न से दोहराओ, अन्त में सी० ४।

१३वीं पंक्ति—उ० ४, * सी० २ इ०, उ० ३ * चिह्न से दोहराओ, अंत में उ० ३।

१४ वीं पंक्ति—सी० बुनो।

इसके बाद २ पंक्तियां मोजे की बुनाई अथवा गारटर की बुनाई बुनो। इस तरह पंक्तियों का एक नमूना बना। आवश्यकतानुसार इनको दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मछली कांटे की बुनाई



पहली पंक्ति—* सी० २ इ०, ब, सी० २ * चिह्न से दोहराओ, अन्त में ब, सी० २।

२ री पंक्ति—उ०

३ री पंक्ति—१ली पंक्ति को दोहराओ।

४थी पंक्ति—उ०

५वीं पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।

६ठी पंक्ति—उ०

७ वीं पंक्ति—सी० १, * सी० २, ब, सी० २, सी० २ इ० * चिह्न से दोहराओ, अंत में ब, सी० २ इ०, सी० १।

८वीं पंक्ति—उ०

९वीं पंक्ति—७वीं को दोहराओ।

१०वीं पंक्ति—उ०

११वीं पंक्ति—७वीं पंक्ति को दोहराओ।

१२वीं पंक्ति—उ०

इन १२ पंक्तियों का १ नमूना हुआ। आवश्यकतानुसार इनको दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोरपंख बुनाई



पहली पंक्ति—सी०
दूसरी पंक्ति—उ०
तीसरी पंक्ति—(सी २ इ) ३ बार,*
(ब, सी १) ६ बार,
(सी २ इ) ६ बार*
चिन्ह से दोहराओ।
अन्त में (सी २ इ)
३ बार।
चौथी पंक्ति—सी०

४ पंक्तियों का १ नमूना है। आवश्यकतानुसार इनको दोहराओ।

मौक बुनाई—(Mock Cable)



इसके लिये इतने फन्दे डालो कि ५ पर विभाजित होकर ३ शेष रहें।

पहली पंक्ति—* उ०३, सी० बायें हाथ की सलाई के दूसरे फंदे पर, सलाई पर इसे छोड़ दो। फिर बायें सलाई पर,

पहला फंदा सी०, दोनों फंदों को सरकाओ,
*चिन्ह से दोहराओ, अन्त में उ०३।

दूसरी पंक्ति—सी ३, * उ० २, सी ३ * चिन्ह से दोहराओ।

इन २ पंक्तियों का १ नमूना हुआ। आवश्यकतानुसार इनको दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लैटिस बुनाई—(Latice Cable)



पहली पंक्ति—* सी २, उ०२ * चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी २।

दूसरी पंक्ति—* उ०२, सी २, * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०२।

तीसरी पंक्ति—* सी २, उ०२ * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी २

चौथी पंक्ति—* उ०२, सी २, * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०२

पाँचवीं पंक्ति—* सी २, उ०२, * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी २

छठी पंक्ति—* उ०२, सी २ * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०२

सातवीं पंक्ति—* सी २, उ०२ * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी २

आठवीं पंक्ति—* उ०२ सरकाओ ४ फंदे दो नोक वाली सलाई पर फिर वस्तु को उलट दो। सी २ बाईं सलाई से, दो नोक वाली सलाई से पहले वाले २ उ० फंदों को वापस लाओ बाईं सलाई पर, फिर इनको उलटा बुनो, दो नोक वाली सलाई से सी० २ * से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०२।

नौवीं पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।

दसवीं पंक्ति—दूसरी पंक्ति को दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्यारहवीं पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।
बारहवीं पंक्ति—दूसरी पंक्ति को दोहराओ।
तेरहवीं पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।
चौदहवीं पंक्ति—दूसरी पंक्ति को दोहराओ।
पन्द्रहवीं पंक्ति—पहली पंक्ति को दोहराओ।

सोलहवीं पंक्ति—उ०२, सी २, * उ०२, अगले ४ फंदों को दो नोक वाली सलाई पर ले जाओ, फिर वस्तु को सामने की ओर पलट दो, सी २ बाईं सलाई से २ नोक वाली सलाई से दोनों उलटे बुने फंदों को बाईं सलाई पर वापस लाओ। * से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०२।

इन १६ पंक्तियों का १ नमूना हुआ। आवश्यकतानुसार इनको दोहराओ।

लहरिया बुनाई

पहली पंक्ति—* उ०१, सी ३, उ०५, सी० ३ * चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०



दूसरी पंक्ति—सी १,* उ०३ सी ५, उ०३, सी० १ *चिह्न से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०।

तीसरी पंक्ति—उ०२, * सी ३, उ० ३ * से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी ३, उ०२।

चौथी पंक्ति—सी २, * उ०३, सी ३ * चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०३, सी २।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पांचवीं पंक्ति—उ०३ * सी ३,उ० १, सी ३, उ०५ *चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त में सी ३, उ०१, सी ३, उ०३।

छठी पंक्ति—सी ३, * उ०३, सी १, उ०३, सी० ५, * चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०३, सी १, उ०३ सी ३।

सातवीं पंक्ति—* सी १, उ०३, सी ५, उ०३ *चिन्ह से दोहराओ, बार-बार सी १।

आठवीं पंक्ति—उ०१, * सी ३, उ०५, सी ३, उ०१ *चिन्ह से ोहराओ, बार-बार।

नौवीं पंक्ति—सी २, * उ०३, सी ३, * चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त म उ०३, सी २।

दसवीं पंक्ति—उ०२, * सी ३, उ०३ *चिन्ह से दोहराओ, अन्त में सी० ३, उ०२।

ग्यारहवीं पंक्ति—सी ३, * उ०३, सी १, उ०३, सी ५, *चिन्ह से दोहराओ, बार-बार अन्त में उ०३, सी १, उ०३, सी ३

बारहवीं पंक्ति—उ०३ * सी ३; उ०१ सी ३, उ०५। *चिन्ह से दोहराओ, अन्त में उ०१, सी ३, उ०३।

इन १२ पंक्तियों का १ नमूना हुआ। इसको आवश्यकतानुसार दोहराओ।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केने मरदाना स्वेटर (Gents Sweater)

२ रंगों का ऊन प्रयोग किया जाता है।

नाप—चौड़ाई : ३६/३८ इंच।

लम्बाई : २२½ इंच।

सामान—ऊन ३ प्लाई, ४ औंस भूरा। ३ औंस नेवी ब्ल्यू। सलाई नं० ९ की २, नं० १० की २।

सी०=सीधा फंदा, उ०=उल्टा फंदा।

खिचाव—२" में १५½ फंदे।

सामना—नेवी ब्ल्यू के ऊन से नं० १० की सलाई पर १०० घर (फंदे) डालो।

पहली पंक्ति—सरकाओ १ सीधा उ० १, सी० १ * से दोहराओ, अन्त तक।

दूसरी पंक्ति—सरकाओ १ सीधा, * सी० १ उ० १ * से दोहराओ। अन्त में दो फंदे सीधे बुनो। सी० १, उ० १

पहली, दूसरी पंक्ति को २½ इंच तक बार-बार बुनो। अन्तिम पंक्ति को बढ़ाओ। इस प्रकार *नस २ बढ़ाओ अगले फंदे में * चिन्ह से दोहराओ। सी० १। इस प्रकार निम्नलिखित नमूना बनाओ :—

पंक्ति १—ब्ल्यू ऊन को जोड़ो। सरकाओ सीधा। *सी १ (ब्ल्यू), २ (भूरा), २ (ब्ल्यू), ३ भूरा, १ ब्ल्यू, ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा *चिन्ह से दाहराओ अन्त तक।

पंक्ति २—सरकाओ १ सीधा *(उ० २ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार १ ब्ल्यू, *चिन्ह से दोहराओ अन्त तक। प्रत्येक अन्तिम उल्टे फंदे को सीधा बुनो ताकि किनारा सुडौल हो।

पंक्ति ३—सरकाओ १ सी० *सी १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, * चिन्ह से दोहराओ अन्त तक।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केने मरदाना स्वेटर नं० १

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पंक्ति ४—सरकाओ सी० १ (उ० २ ब्ल्यू २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार १ भूरा *चिन्ह से दोहराओ।

पंक्ति ५—सरकाओ सी० १ *सी १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार *चिन्ह से दोहराओ अन्त तक।

पंक्ति ६, ७, ८—पंक्ति २, ३ और ४ को १ बार दोहराओ।

पंक्ति ९—सरकाओ १ सी०, *सी० ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, ३ भूरा, १ ब्ल्यू *चिन्ह से दोहराओ अन्त तक।

अब ऊपर की ८ पंक्तियों को ऊपर से नीचे की ओर बुनते जाओ अर्थात् पहले पंक्ति नं० ९, फिर ८, फिर ७, फिर ६ इत्यादि पंक्ति नं० २ तक, इस प्रकार कुल १६ पंक्तियां हो जायेंगी। इन १६ पंक्तियों को बार-बार दोहराओ।

सलाई को बदल कर सलाई नं० ९ पर चढ़ाओ और ऊपर की १६ पंक्तियों को ४ बार दोहराओ। अब आस्तीन के लिये शेप बनाओ।

आस्तीन—पंक्ति १—९ फन्दे चढ़ाओ जिसमें दाहने हाथ की सलाई का भी फन्दा शामिल ह।

*सी १ ब्ल्यू, ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, ३ भूरा *चिन्ह से दोहराओ, अन्त में १० फंदे तक सी० १ ब्ल्यू, ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा।

पंक्ति २—९ फंदे डालो फिर दाहिने हाथ की सलाई के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो।

*उ० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, *चिह्न से दोहराओ अन्त में सी० १ भूरा।

पंक्ति ३—सी० २ इकट्ठा भूरा *(सी० २ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ भूरा, *चिह्न से दोहराओ, अन्त में ८ फन्दे सी० २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति ४—सी २ इकट्ठा भूरा, *उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू, २ भूरा, *चिह्न से दोहराओ अन्त में १५ फन्दे उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, १ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति ५—सी २ इकट्ठा भूरा, सी० २ ब्ल्यू, २ भूरा, ३ ब्ल्यू, २ भूरा, *चिह्न से दोहराओ अन्त में ४ फन्दे—२ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति ६—सी० २ इकट्ठा भूरा, उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) दो बार, १ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, * चिन्ह से दोहराओ, अन्त में ११ फंदे—उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति ६—सी० २ इकट्ठा भूरा, *सी० २ ब्ल्यू, ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, *चिह्न से दोहराओ अन्त में ९ फन्दे—२ ब्ल्यू, ३ भूरा, २ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति ८—सी० २ इकट्ठा भूरा, *उ० २ ब्ल्यू, १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा *चिह्न से दोहराओ अन्त में ६ फन्दे उ० दो ब्ल्यू, १ भूरा, २ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा, भूरा।

पंक्ति ९—सी० २ इकट्ठा भूरा, *सी० १ भूरा, १ ब्ल्यू ३ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, *चिह्न से दोहराओ, अन्त में ५ फन्दे—सी० १ भूरा, १ ब्ल्यू, १ भूरा, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति १०—सी० इकट्ठा ब्ल्यू, * उ० १ भूरा (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार १ ब्ल्यू (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, * चिह्न से दोहराओ अन्त में ३ फन्दे—उ० १ भूरा सी० २ इकट्ठा ब्ल्यू।

पंक्ति ११—सी २ इकट् । भूरा * सी० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा,) २ बार, * चिन्ह से दोहराओ अंत में १० फंदे–सी१ भूरा २ ब्ल्यू, २ भूरा २ ब्ल्यू, १ भूरा, सी० २ इकट्ठा भूरा, (१०९ फन्दे) ऊपर बताए गये १२वीं पंक्ति से लेकर १६वीं पंक्ति तक दोहराओ १ बार।

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार एक पूरा नमूना बन जाता है, इसके बाद पहली ७ पंक्तियों को फिर दोहराओ।

पंक्ति८—सरकाओ १ सीधा * (उ० २ ब्ल्यू २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ भूरा, दोहराओ * चिह्न से १ बार, उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, १ भूरा २१ फंदों को उतार दो। दाहने हाथ की सलाई के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो उ० १ भूरा, २ ब्ल्यू २ भूरा, २ ब्ल्यू १ भूरा *—* तक दोहराओ २ बार

पंक्ति ९—सरकाओ १ सी० * सी० ३, भूरा २ ब्ल्यू, २ भूरा, १ १ ब्ल्यू १ भूरा, २ ब्ल्यू, ३ भूरा, १ ब्ल्यू * चिह्न से दोहराओ १ बार, सी० ३ भूरा, २ ब्ल्यू सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति १०—सी० २ इकट्ठा ब्ल्यू * उ० २ भूरा, २ ब्ल्यू १ भूरा, (२ ब्ल्यू २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू २ भूरा, २ ब्ल्यू * चिह्न से दोहराओ एक बार उ० २ भूरा, २ ब्ल्यू, सी १ भूरा।

पंक्ति ११—सरकाओ १ सी०, * सी० १ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा २ ब्ल्यू २ भूरा * चिह्न से दोहराओ अन्त के ५ फन्दे—सी० १ भूरा, २ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति १२—सी० २ इकट्ठा ब्ल्यू, * उ० २ भूरा, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार १ भूरा २ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, * चिह्न से दोहराओ। उ० २ भूरा, सी० १ ब्ल्यू।

पंक्ति १३—सरकाओ सी० १, * सी० १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, * चिह्न से दोहराओ अन्त के ३फन्दे—१ ब्ल्यू, सी० २ इकट्ठा भूरा।

पंक्ति १४—सी० २ इकट्ठा ब्ल्यू * उ० १ भूरा (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार * से दोहराओ १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, * चिह्न से दोहराओ १ बार सी० १ भूरा।

पंक्ति १५—सरकाओ १ सीधा, * सी० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, * चिह्न से दोहराओ। अन्त में १० फन्दे—१ भूरा, २ ब्ल्यू,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२, भूरा २ ब्ल्यू, १ भूरा, सी० २ इकट्ठा, (३७ फन्दे)

पंक्ति १६—दूसरी पंक्ति की भांति।

१६ पंक्तियों के नमूने १ बार दोहराओ, फिर पहली ८ पंक्तियों के नमूने को एक बार दोहराओ। अब यहां कन्धा बनाओ।

पंक्ति १—९ फन्दे उतारो, फिर दाहिने हाथ की सलाई के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो—

सी० १ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, ३ भूरा, १ ब्ल्यू, ३ भूरा २ ब्ल्यू, २ भूरा १ ब्ल्यू, १ भूरा, १ ब्ल्यू, २ भूरा, २ ब्ल्यू, ३ भूरा, १ ब्ल्यू।

पंक्ति २—सरकाओ १ सी० (उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार १ भूरा, (२ ब्ल्यू २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू।

पंक्ति ३—९ फन्दे उतार दो—सी० १ भूरा, * सी० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार * चिह्न में दोहराओ अन्त तक।

पंक्ति ४—सरकाओ १ सी० (उ० २ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, सी० १ ब्ल्यू।

पंक्ति ५—९ फन्दे उतार दो (सी० २ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, २ ब्ल्यू।

पंक्ति ६—सरकाओ १ सी० (उ० २ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार सी० १ ब्ल्यू, उतार दो।

इसी प्रकार दूसरी ओर के लिये नया ऊन जोड़ो गले के किनारे पर। बाईं ओर से कन्धे के ९वीं पंक्ति से प्रारम्भ करो और अन्तिम पंक्ति से पहली पंक्ति तक विपरीत दिशा में बुनते जाओ जब तक कि कन्धे का प्रारम्भ तक पहुंच जाओ अर्थात ८वीं पंक्ति तक। फिर ९वीं पंक्ति को दोहरा कर कन्धा बनाओ।

पहली पंक्ति—९ फन्दे उतारो दाहने हाथ की सलाई के फन्दे को

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शामिल करते हुए बुनो :—

उ० १ ब्ल्यु, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, सी० १ भूरा।

पंक्ति २—सरकाओ १ सी०, * सी० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, * चिह्न से दोहराओ अन्त तक।

पंक्ति ३—९ फन्दे उतारो, फिर दाहने हाथ की सलाई के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो उ० १, ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, सी० १, ब्ल्यू।

पंक्ति ४—सरकाओ सी०, * सी० १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार * चिह्न से दोहराओ १ बार।

पंक्ति ५—९ फन्दे उतारो, फिर दाहने हाथ की सलाई के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो उ० १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, सी० १ भूरा।

पंक्ति ६—सरकाओ सी० १, सी० १ भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, उतार दो।

सामने की गले की पट्टी—वस्तु के दाहने किनारे को अपनी ओर करो और बायें कन्धे से प्रारम्भ करो— १० नं० की सलाई तथा भूरे रंग के ऊन से २८ फन्दे डालो, १२ शेष के।

पीछे की पट्टी—सामना की तरह बनाओ। मोढ़े के सूराख तक १०९ फन्दे होंगे। नमूना को बनाते जाओ। सामने की तरह ९वीं पंक्ति बुनकर मोढे का सूराख बनाओ। निम्नलिखित तरीके से बनाओ।

पहली पंक्ति—९ फन्दे फिर दाहिने हाथ की सलाई पर के फन्दे को शामिल करते हुए बुनो। (सी १ ब्ल्यू, १ भूरा, २ ब्ल्यू, २ भूरा, ३ ब्ल्यू, १ भूरा) ५ बार, १ ब्ल्यू, १ भूरा, २ ब्ल्यू, १ भूरा, ३ ब्ल्यू, १ भूरा।

दूसरी पंक्ति—९ फन्दे उतार दो।* उ १, भूरा, (२ ब्ल्यू, २ भूरा) दो बार, १ ब्ल्यू, (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार, १ ब्ल्यू) २ बार,

CC-0.Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection.

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१ ब्ल्यु (२ भूरा, २ ब्ल्यू) २ बार * चिन्ह से दोहराओ। अन्त तक सी १ भूरा।

तीसरी पंक्ति— ९ फन्दे उतार दो, * (सी २ ब्ल्यू, २ भूरा) २ बार, १ ब्ल्यू * चिन्ह से दोहराओ अंत तक, १ ब्ल्यू।

